# NITI Aayog की बैठक में CM योगी ने पेश की भविष्य की रूप रेखा, समझाया UP को कैसे बनाएंगे एक ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था

Author: Umesh Tiwari
Publish Date: Sun, 07 Aug 2022 06:51 PM (IST) | Updated Date: Sun, 07 Aug 2022 06:51 PM (IST)




UP Latest news मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नीति आयोग की सातवीं बैठक को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि यूनाइटेड नेशन द्वारा वर्ष 2023 में इंटरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट्स मनाए जाने के क्रम में प्रदेश सरकार द्वारा व्यापक तैयारी प्रारम्भ कर दी गई है।

**UP Latest news: लखनऊ, जेएनएन।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी (PM Narendra Modi) की अध्यक्षता में रविवार को आयोजित नीति आयोग (NITI Aayog) की सातवीं बैठक को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ (CM Yogi Adityanath) ने सम्बोधित किया। उन्होंने 5 वर्ष में प्रदेश सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों को गिनाने के साथ ही उत्तर प्रदेश के भविष्य की रुप रेखा को पेश किया। बैठक में उन्होंने यूपी की अर्थव्यवस्था को 80 लाख करोड़ रुपये (One Trillion Dollar Economy) का आकार देने के संकल्प को दोहराया।




विधायक लिखी गाड़ी से दारोगा व सिपाही को रौंदने का प्रयास, पिस्टल के साथ नशे में धुत युवक गिरफ्तार



यह भी पढ़ें

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस चुनौतीपूर्ण लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सरकार योजनाबद्ध ढंग से कार्य कर रही है। इसके लिए प्रदेश की आधारभूत संरचना को विश्वस्तरीय और सुदृढ़ बनाया जा रहा है। प्रभावी सुशासन, कौशल विकास, तीव्र निर्णय लेने की प्रक्रिया तथा लक्षित नीतियां व नियम इस दिशा में उपयोगी सिद्ध हो रहे हैं।

सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को विभिन्न योजनाओं का प्रभावी और सुचारू ढंग से लाभ दिलाने के लिए डिजिटल एग्रीकल्चर ढांचे को सुदृढ़ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में डिजिटाइज्ड कृषक डेटाबेस के अन्तर्गत 3 करोड़ कृषक पंजीकृत हैं। विगत 5 वर्ष में इन किसानों को 3.5 लाख करोड़ रुपये वितरित किए गए हैं। डिजिटाइज्ड कृषक डेटाबेस विकसित कर डीबीटी के माध्यम से अनुदान वितरित करने वाला उत्तर प्रदेश, देश का अग्रणी राज्य है।